अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2020
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** दाब का मात्रक है— **(1)**

(A) जूल (B) न्यूटन मीटर

(C) किलोग्राम (D) न्यूटन/मीटर 2

**2.** कुकिंग गैस (L.P.G.) में किसकी मात्रा अधिक होती है— **(1)**

(A) मेथेन (B) ब्यूटेन

(C) एथेन (D) एथिलीन

**3.** भारतीय अन्तरिक्ष कार्यक्रम के जनक हैं— **(1)**

(A) आर्यभट्ट (B) डॉ. हारवर्ड माइकल

(C) डॉ. विक्रम साराभाई (D) उपर्युक्त सभी

**4.** प्रतिजैविक औषधि है— **(1)**

(A) पेनिसिलिन (B) इन्सुलिन

(C) ऑक्सिन (D) एल्ड्रिन

**5.** संचारी रोग है— **(1)**

(A) हैजा (B) कैंसर

(C) मधुमेह (D) जोड़ों में दर्द

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** फुलरीन किसे कहते हैं? **(1)**

**7.** परावर्तन के नियम लिखिए। **(1)**

**8.** जीवाणु द्वारा फैलने वाले दो रोगों के नाम लिखिए। **(1)**

**9.** किस शिरा में शुद्ध रुधिर पाया जाता है? **(1)**

**10.** पौधों में पाई जाने वाली जड़ों के नाम लिखिए। **(1)**

**11.** प्रकृति के कठोरतम पदार्थ का नाम लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** पेट्रोल को जीवाश्म ईंधन क्यों कहा जाता है? **(2)**

**13.** मनुष्य के उत्सर्जी तन्त्र का नामांकित चित्र बनाइए। (वर्णन की आवश्यकता नहीं है) **(2)**

**14.** ऊँट की संरचना मरुस्थलीय जीवन के अनुकूल है। सिद्ध कीजिए। **(2)**

**15.** अवतल दर्पण द्वारा प्रतिबिम्ब बनाने के नियम लिखिए। **(2)**

**16.** प्राकृतिक सम्पदा क्या है? इसके संरक्षण के उपाय लिखिए। **(2)**

**17.** विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास से होने वाली हानियों को संक्षेप में बताइए। **(2)**

**18.** यकृत के कार्य लिखिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/vigyan/2020

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN